
# डेविड और दैत्य




माइक मैक्लिनटॉक

चित्र: फ़्रिट्ज़ सिबेल

# डेविड और दैत्य

माइक मैक्लिनटॉक

चित्र: फ्रिट्ज़ सिबेल



डेविड, डेविड,

अपनी भेड़ों पर नज़र रखो.


उनकी अच्छी निगरानी करो.


और सोओ मत.

खेत के ऊपर वाली पहाड़ी पर,

अपनी भेड़ों पर नज़र रखो.

उन्हें किसी भी नुकसान से बचाओ.





डेविड, वहां पीछे जंगल को देखो.

वहां तुम्हें शेर दिख सकता है.

वहां तुम्हें भालू दिख सकता है.

डेविड, तुम उनका ध्यान रखना!



डेविड, अगर कोई जानवर

भेड़ों या तुम्हें को खाने को आए

तो तुम्हें पता है कि क्या करना है.

तुम हमेशा अपने पास कुछ पत्थर रखना.

तुम्हारे पास में गोफन तो होगा है.

गोफन से तुम लगभग किसी भी चीज़ पर वार कर सकते हो.



डेविड, अपना गोफन उठाओ और देखो

कि तुम किस चीज़ पर वार कर सकते हो.

वह क्या चीज़ होगी?

पेड़ पर बैठा वो बदसूरत पक्षी?

तुम्हें पता है, उसे एक भेड़ का बच्चा चाहिए.

तुम उसे मारो, डेविड!

तुम उसे भगाओ!





डेविड, डेविड, अपना गोफन उठाओ.

उसमें एक पत्थर फंसाओ.

फिर उसे जोर से घुमाओ.

पत्थर को उड़ने दो.

पत्थर को दूर जाने दो.

तुमने उसे मारा, डेविड!

कितना अचूक निशाना था!

तुमने उसे जोर से मारा.

अब उसे नीचे गिरते हुए देखो!







डेविड, डेविड, चारों ओर देखो.

उस साँप को ज़मीन पर देखो!

वो भेड़ों को मार सकता है, यह तुम्हें पता है.


अपना गोफन घुमाओ, और उसे भगाओ.

क्यों, तुम लगभग किसी भी चीज़ को मार सकते हो—

ज़मीन पर रेंगते साँप को, हवा में उड़ते पक्षी को.

डेविड, अब तुम्हें पता है कि क्या करना है

अगर कोई जानवर तुम्हें या भेड़ों को खाने आए तो.



डेविड, तुमने उस छोटी भेड़ को गिरते हुए देखा!

उसे रोते हुए सुना!

उसे पुकारते हुए सुना!

उसे उठाओ और उसे कसकर पकड़ो.

फिर छोटी भेड़ ठीक हो जाएगी.



छोटी भेड़ के पास बैठो

अपना हार्प उठाओ.

उसे सुलाने के लिए गाओ.

तुम्हारा गीत मधुर है.

तुम्हारे गाने को सुनकर भेड़ें पास आती हैं.

उसे सुनने के लिए पक्षी भी रुक जाते हैं.

क्योंकि तुमने बहुत पहले ही

हार्प बजाना सीख लिया था.


मधुर और धीमी आवाज़ में गाओ,

ताकि पक्षी और जानवर

और मनुष्य सभी जान सकें

कि तुम कितना अच्छा गाते हो

तुम लगभग सभी गीत गा सकते हो.



तुम्हारे पिता खेत से आते हैं.

उन्होंने कहा, "डेविड, भेड़ों को नुकसान से बचाता है.

मेरे बेटे, तुम अपना काम बहुत अच्छी तरह करते हो.

लेकिन अब वो सुनो जो मैं कह रहा हूँ.

अब तुम्हें राजा के पास जाना चाहिए.

डेविड, राजा तुम्हारा गाना सुनना चाहता है.

राजा को पता है कि तुम्हारे गाने लोगों को खुश करते हैं.

और राजा उदास हैं,

राजा शाऊल बहुत उदास हैं.

तो जाओ और गाओ

तुम राजा शाऊल के लिए गाओ."





डेविड, राजा शाऊल हमारे महान राजा हैं.

राजा, आजकल बस दीवार को घूरते रहते हैं.

वो हँसते नहीं है. वो चलते नहीं हैं.

वो खाते नहीं हैं, सोते नहीं हैं, वो बोलते नहीं हैं.

डेविड, अपना हार्प बजाओ और गाओ.

राजा शाऊल के लिए मधुर और धीमे सुर में गाओ.

अंधेरी रात के आकाश में, तारों का गीत गाओ.

जब सूरज ऊँचा हो तो प्रकाश के गीत गाओ.

फूलों का गीत गाओ, पेड़ों में हवाओं का गीत गाओ.

चाँद के गीत गाओ, हाँ, उन सबके गीत गाओ.

दिन-ब-दिन गाओ और बजाओ.

तुम्हारे गीतों से शाऊल की चिंताएँ दूर होंगी.





राजा को अच्छा लगेगा!

उन्हें खड़े होते हुए देखो!

फिर वो मुस्कुराते हुए तुम्हारा हाथ थाम लेंगे.

वो कहेंगे, "देखो, अब मैं दुखी नहीं हूँ.

डेविड, तुम्हारे गीतों ने मुझे खुश कर दिया है.

तुम्हारे गीतों ने मेरी चिंताएँ दूर कर दीं हैं.

देखो अब किसी और दिन आकर गाना.

लेकिन अब, खेत के ऊपर पहाड़ी पर जाओ.

और अपनी भेड़ों पर नज़र रखो.

उन्हें नुकसान से बचाओ."



वो क्या है जो जंगल में से आ रहा है?

डेविड, डेविड, वो एक भालू है!

भालू, भेड़ों को पकड़ने जा रहा है,

भेड़ों के उन छोटे बच्चों को, जो गहरी नींद में सोए हैं.

डेविड, जल्दी करो और अपना गोफन उठाओ.

उसमें एक पत्थर फंसाओ. उसे घुमाओ.





पत्थर घुमाओ!

उसे उड़ने दो!

तुमने भालू की आँख में सीधे वार किया!

बड़ा भालू चिल्लाया और वहां से भाग गया.

भालू को आज कोई भेड़ नहीं मिली.



तुम्हारे पिता ने बड़े भालू को भागते हुए देखा.

"डेविड," उन्होंने कहा, "बहुत बढ़िया! बहुत बढ़िया!

तुम भेड़ों को इतनी अच्छी तरह, नुकसान से बचाते हो.

अब वो बात सुनो जो मुझे तुम्हें बतानी है.”



"राजा शाऊल से लड़ने के लिए एक सेना आई है.

उनके पास दस फीट लंबा एक विशालकाय दैत्य है!

दैत्य का नाम गोलियथ है.

उसे देख सभी लोग डर से कांप उठते हैं.

राजा शाऊल चाहता है कि लोग लड़ाई में उनकी मदद करें.

तुम्हारे भाई कल रात ही राजा के पास गए हैं.

हां, वे राजा शाऊल की मदद करने गए हैं.

और वे हम सभी को बचाने के लिए लड़ेंगे.

लेकिन मुझे खेत पर रुकना होगा

और खेत की रखवाली करनी होगी.

और तुम्हें भेड़ों को नुकसान से बचाना होगा."





दिन, पहले की तरह ही बीतते जाएंगे.

तुम अपने भाइयों के बारे में सोचना

जो अभी युद्ध में लड़ रहे हैं.

तुम चाहो तो तुम भी राजा शाऊल

की सेना की मदद कर सकते हो

तुम ज़रा उस दस फीट ऊंचे दैत्य के बारे में सोचो?





और फिर एक दिन—

देखो! वह क्या है?

एक शेर आ रहा है, वो एक बहुत बड़ा बिल्ला है.

वह बिलकुल नीचे ज़मीन से सटा है,

चुप! धीरे!

डेविड, अपना गोफन उठाओ और जाओ!

लेकिन, डेविड, सावधान रहना!

शेर बहुत बड़ा है, वो भालू जितना ही बड़ा है.





तुमने एक पत्थर को तेजी से उड़ाया, फिर दूसरा

तुमने उसे मारा!

लेकिन शेर ने क्या किया?

वो भागा नहीं!

वो तुम्हें मारने के लिए लपका!



तुमने दुबारा फिर जोर से वार किया!


शेर तेज था.

लेकिन पत्थर गोफन से बाहर तेज़ी से निकला.

तुमने सीधे शेर के सिर पर वार किया!

शेर नीचे गिर गया!

शेर मर गया!



तुम्हारे पिता ने कहा, "अच्छा किया! अच्छा किया!

मैंने तुम्हें शेर को मारते हुए देखा, मेरे बेटे!

डेविड, तुमने उसे अपने गोफन से मारा,

तुम लगभग किसी भी दुश्मन को मार सकते हो!



"लेकिन अब सुनो जो मुझे कहना है.

मैं चाहता हूँ कि तुम बहुत दूर चले जाओ.

अपना हार्प और गोफन भी साथ में लो.

जाओ और राजा के शिविर का पता लगाओ.

यह भोजन अपने भाइयों के पास ले जाओ.

यात्रा लंबी होगी डेविड, अपना ख्याल रखना."





जब सुबह होगी, तो भी तुम नीचे चलते रहना.

तुम कुछ खेतों, एक छोटे से शहर से होकर गुजरोगे.

अंत में तुम राजा के शिविर में पहुँचोगे.

तुम्हारे भाई तुम्हारा लाया हुआ खाना लेंगे.

और फिर वो तुम्हें दुखद समाचार सुनाएंगे.

वे कहेंगे कि युद्ध ठीक नहीं चल रहा है.

राजा का दिल खुद डर से भरा हुआ है,

और सेना के बाकी सभी सैनिक भी भयभीत हैं.





डेविड, ज़रा वो आवाज़ सुनो!

जो पेड़ों को हिला देती है!

जो ज़मीन को कंपा देती है!


देखो, वो दस फ़ीट ऊंचा दैत्य आ रहा है

गोलियथ आ रहा है! उसे पुकारते हुए सुनो!

गोलियथ पुकारता है. "सिर्फ एक आदमी को भेजो,
और अगर उसमें हिम्मत हो तो उसे मुझसे लड़ने दो.
अगर वह मुझे मार देता है, तो तुम युद्ध जीत जाओगे.
अगर मैं उसे मार दूँ, तो तुम फिर कभी नहीं लड़ोगे."

शाऊल के सभी लोग डर से काँप उठते हैं.
और एक भी आदमी लड़ने के लिए आगे नहीं आता है!
दैत्य हँसता है. तुम उसकी दहाड़ को सुन सकते हो,
"क्या शाऊल के पास लड़ने के लिए
कोई बहादुर आदमी नहीं है?"





लेकिन कोई भी सैनिक लड़ने नहीं जाता है.

फिर तुम कहते हो,

"आज मैं उस दैत्य से लड़ूँगा!"

तुम्हारे भाई चिल्लाते हैं,

"तुम नहीं जा सकते!

क्योंकि वो तुम्हें एक ही वार में मार देगा!

डेविड, तुम तो अभी एक लड़के हो.

वो दैत्य तुम्हें एक खिलौने की तरह तोड़ देगा."



लेकिन सुनो डेविड, तुम बस इतना कहना,

“मैं आज उस दानव से लड़ूँगा!"

फिर तुम्हारे भाई तुम्हें राजा शाऊल के पास ले जायेंगे.

तुम उनसे बात करना. तुम उन्हें सबकुछ बताना.

तुम राजा से कहना कि

तुम अब उस दानव से लड़ना चाहते हो.

तुम उससे कैसे लड़ोगे? उन्हें बताना कि तुम कैसे लड़ोगे.

डेविड, तुम उन्हें बताना. उन्हें सबकुछ सुनने देना.

उन्हें बताना कि तुम्हें शेर के जबड़े,

भालू के पंजे का भी कोई डर नहीं है,

और तुम्हें वहाँ मौजूद दानव का भी कोई डर नहीं है.



"डेविड, तुम बहादुर हो!" शाऊल ने कहा.

"लेकिन दैत्य बहुत बड़ा है और तुम बेहद छोटे हो.

वो एक दानव है, युद्ध का शूरवीर है.

और तुम पहले कभी किसी से नहीं लड़े हो.

लेकिन फिर भी—मैं देख रहा हूँ कि तुम्हें कोई डर नहीं है.

इसलिए मेरा कवच ले लो, मेरा भाला भी ले लो.

वे लड़ाई में तुम्हारी मदद करेंगे.

अच्छा अब जाओ—और अपनी पूरी ताकत से जाकर लड़ो."

लेकिन डेविड को शाऊल के भाले की कोई ज़रूरत नहीं पड़ी.

उसे ऐसे हथियारों की बिल्कुल भी ज़रूरत नहीं थी.

डेविड, तुम्हें पता है कि तुम क्या करोगे

जब दैत्य तुम्हें मारने आएगा?

डेविड, अब तुम अकेले जाओ.

और रास्ते में एक पत्थर उठाओ.

पत्थर को अपने गोफन में फंसाओ.

और चलते समय.


गाओ, डेविड, गाओ!

दैत्य तुम्हें आगे आते हुए देखेगा.

वो चिल्लायेगा, "अरे, यह क्या है?

उनके पास कोई शूरवीर नहीं है, इसलिए उन्होंने तुम्हें भेजा है!

देखो मैं एक ही वार में तुम्हारे दो टुकड़े कर दूँगा!"



फिर दैत्य अपना भाला उठाएगा

लेकिन, डेविड, तुम उससे कभी मत डरना!

तुम भागकर उसके पास जाना डेविड.

तुम्हारे पास गोफन जो है.

तुम उसे झुलाना!

फिर उसे उड़ने देना.

पत्थर को दूर और ऊँचा जाने देना.

गोफन को जोर से घुमाना!

उसे तेजी से घुमाना!

जिससे तेज़ी से पत्थर को बाहर निकले.






तुमने दैत्य के सिर पर तेज वार किया!

वो नीचे ज़मीन पर गिर गया!

दैत्य मर चुका है!

डेविड, डेविड, वो भयानक दानव मर चुका है!





दानव की पूरी सेना काँप रही है.

वे भाग रहे हैं. वे अब लड़ेंगे नहीं.

फिर शाऊल के लोग तेजी से भागे.

और उन्होने दुश्मन को

देश की सीमा के बाहर खदेड़ दिया.



डेविड, तुमने युद्ध जीत लिया है!

आने वाले दिनों में तुम और जीतोगे.

और तुम मधुर गीत गाओगे.

और किसी दिन —





डेविड, तुम ज़रूर राजा बनोगे!